

शुभ सन्देश

शिक्षा जीवन का मूल्य आधार है। नैतिक मूल्यों और आदर्शों को जीवन में स्थापित करने के लिए शिक्षा का होना आवश्यक है। शिक्षा राष्ट्र निर्माण के लिए परम आवश्यक है। बिना शिक्षा के विवेक का विकास नहीं होता और न्याय की प्रतिष्ठा नहीं हो पाती । व्यक्ति शिक्षा प्राप्त करके अपने समय, समाज और राष्ट्र के प्रति संवेदनशील बनता है ।

शिक्षा व्यक्ति के सकारात्मक विकास को निश्चित करती है। जीवन, आशा और विश्वास को प्रवाहित करती है, साथ ही शिक्षा संस्कृतिक विकास को भी निर्धारित करती है। महान परम्परा और महान संस्कृति के पीछे शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

शिक्षा प्रदान करना एक पुनीत कार्य है जो सच्ची मानवता की स्थापना करता है। भारतीय शिक्षा समिति, जम्मू कश्मीर द्वारा संचालित भारतीय विद्या मंदिर उच्च विद्यालय नैनसू उधमपुर इसी मानवता की स्थापना की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह विद्यालय आदि दुर्गम क्षेत्रों में विद्यार्थियों को शिक्षा - प्रदान करके मानवता की सच्ची सेवा कर रहा है।

विद्यालय के प्रति वर्ष प्रकाशित होने वाली विवरणिका हमारी ज्ञान परम्परा, संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आदर्शों को उद्बोधित करती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, यह विवरणिका अपने लक्ष्य में मील का पत्थर साबित होगी ।

मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं ।

कपिल खन्ना
प्रबंधक न्यासी, संत ईश्वर शिक्षा समिति